हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

2 शोभायात्रा में डांग, बाना के साथ देव विग्रह खूब झूमे



4 एकादशी पर माता शीतला के खड्ग से होगा सहस्रबाहु...



## खबर संक्षेप

### वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक

**धमतरी।** हर साल की तरह इस साल भी 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया जाएगा। वन मण्डलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के लिए वन्यप्राणी और जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा मानव-हाथी द्वंद अथवा मानव-वन्यप्राणी सह अस्तित्व आदि से संबंधित निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### आरएसएस मनायेगा विजयादशमी पर्व

**नगरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगरी का विजयादशमी महोत्सव, पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम 3 अक्टूबर को नगरी, 5 अक्टूबर को घटुला, 7 अक्टूबर को बेलरगांव तथा 12 अक्टूबर को राजपुर और गट्टासिल्ली में होगा। स्कूल, अस्पताल व शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

### हरदीभाठा में माटी के सिंगार कार्यक्रम 3 को

**नगरी।** ग्राम हरदीभाठा में नवरात्रि एवं विजयादशमी के अवसर पर 3 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे माटी के सिंगार राजनांदगांव का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति के सदस्य नारदराम धुव, रतनू निषाद, मुनेंद्र धुव, निर्भय, शिवप्रसाद सुरेश ध्रुव जुटे हैं।

### ताराचंद वाहन चालक संघ के प्रदेशाध्यक्ष बने

**धमतरी।** शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी



संघ के ताराचंद साहू प्रांताध्यक्ष मनोनीत किए गए। उनका कार्यक्षेत्र संपूर्ण छत्तीसगढ़ में रहेगा। धमतरी जिले के सभी शासकीय वाहन चालकों ने हर्ष जताया है।

### सांकरा में डीजे डांस आज

**सांकरा।** क्वारं नवरात्रि पर श्री राधा कृष्ण बाल मंडली स्कूलपारा सांकरा नगरी में रात्रिकालीन राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर को रखा गया है। सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 300 रु. है। प्रथम इनाम 15551 रु., द्वितीय 10551 रु., तृतीय इनाम 5551 रु. है। युगल नृत्य में प्रवेश शुल्क 200 रु. है। प्रथम पुरस्कार 7111 रु., द्वितीय 5111 रु., तृतीय पुरस्कार 3111 रु. है। एकल नृत्य में प्रवेश शुल्क 100 रु. है। प्रथम पुरस्कार 5111 रु., द्वितीय 3111 रु., तृतीय पुरस्कार 1111 रु. दिया जाएगा। तैयारी में समिति के अध्यक्ष मनराखन साहू, उपाध्यक्ष कृपाराम साहू, सचिव मायाराम साहू, सहसचिव राजेश वैष्णव, दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष खेमराज साहू जुटे हुए हैं।

### रोजगार कार्यालय में पुनः पंजीयन

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी में ई-रोजगार पोर्टल में पंजीयन किया जाना है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जो आठवीं पास हों और आयु 18 से 35 वर्ष एवं वर्ष 2020 तक पंजीयन किया गया है अर्थात पंजीयन वरिष्ठता 2020 तक हो तथा जिन्होंने पंजीयन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक नहीं कराया है, वे 8 अक्टूबर तक विभागीय पोर्टल ईरोजगार डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर या रोजगार एप्प पर अपना पंजीयन आधार से लिंक करा लें। इसके अलावा कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कम्पोजिट भवन कलेक्टोरेट के पास धमतरी में आकर भी पंजीयन-आधार अपडेट करा सकते हैं। पंजीयन आधार अपडेट कराने के लिए आवेदकों को पुराने अभिलेख एवं आधार कार्ड साथ लाना होगा।

---

कृषि विभाग ने 20 हजार हेक्टेयर में चने की फसल का रखा लक्ष्य

# धान में खाया धोखा, अब चना पर खेलेंगे दांव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार कीट व्याधि से परेशान किसान उन्हारी फसल की ओर डायवर्ट हो रहे हैं। कृषि विभाग भी चना, गेहूं, मक्का जैसी फसल को प्रोत्साहित कर रहा है। इस साल 20 हजार हेक्टेयर में चना और 2 हजार हेक्टेयर में मक्का लगाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को बीज उपलब्ध कराने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है।

इस साल बारिश अच्छी हुई है। गंगरेल सहित अन्य बांध भी लबालब हो गए हैं। वहीं भूजल स्तर में भी अच्छी बढ़ोतरी हुई है। रबी सीजन में धान की सिंचाई के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, इसके बाद भी किसान इस रबी सीजन में धान की खेती से तौबा कर हैं। धान के बाद धान की फसल से कीट व्याधि काफी ज्यादा है, जिसके चलते धान की फसल में लागत बढ़ गई है, जबकि रबी सीजन में धान को रेट नहीं मिलता है। इन सब समस्याओं को देखते हुए किसान अब रबी फसल में धान की खेती से तौबा कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त खेतों में सोखन की समस्या है। यह समस्या कहीं पर कम तो कहीं पर ज्यादा है। इसी के चलते खेतों में पानी ठहर नहीं रहा है। समस्या झेल रहे किसानों ने इस साल के बाद धान की फसल से तौबा कर ली है। किसान गोल्डी सेन, फगेंद्र साहू ने बताया कि पिछले रबी सीजन में धान की खेती से उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा था। इस साल पुरानी गलती को दोहराना नहीं चाहते हैं। फिलहाल उनके पास चना बीज नहीं है, बाजार या सहकारी समितियों से बीज की व्यवस्था कर चने की खेती करेंगे।

### कीट फसल को कर रहे चौपट

धान की फसल में कीट व्याधि काफी ज्यादा है। फसल के अंतिम चरण में किसान पेनिकल माइट के प्रकोप से परेशान हैं। किसान युवराज शर्मा, खेमराज सिन्हा की फसल को तो पेनिकल माइट ने 50 प्रतिशत तक खराब कर दिया है। किसानों ने बताया कि पेनिकल माइट के लिए उन्होंने दवा का छिड़काव किया था। इसके बाद भी कीट प्रकोप कम नहीं हुआ है। पेनिकल माइट की अब तक कोई कारगर दवा नहीं बनी है। वहीं माहू भी किसानों को खून के आंसू रूला रहा है। धान में लगातार बढ़ रहे कीट प्रकोप को देखते हुए भी किसान इसकी खेती से दूर हो रहे हैं।



### किसानों को प्रोत्साहन

चना, गेहूं, मक्का आदि की खेती के लिए लगातार किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पिछले रबी सीजन में गांव- गांव बैठक कर किसानों को इन फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया गया, जिसके चलते जिले के किसानों ने 15 हजार हेक्टेयर में चना लगाया था। पहली बार जिले में चना को समर्थन मूल्य पर खरीदा भी गया था। इस साल भी गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी है। कृषि विभाग ने 20 हजार हेक्टेयर में चना लगाने का लक्ष्य रखा है। अन्य फसलों के लिए भी किसानों को प्रेरित किया जाएगा।

### हुआ था नुकसान

पिछले रबी सीजन में कई किसानों की फसल सिंचाई के अभाव में खराब हो गई थी। खपरी के किसान गिरधर साहू ने 18 एकड़ में धान की फसल लगाई है। उसके पास तीन मोटरपंप हैं। तीनों पंप से भी खेतों की सिंचाई पूरी नहीं हुई और 5 एकड़ फसल पूरी तरह से तबाह हो गई थी। ग्राम अमेठी में लालचंद छाजेड़ की जमीन पर एक किसान ने रेगहा पर धान की फसल लगाई थी। सिंचाई के अभाव में उसने ढाई एकड़ फसल को मवेशियों को चरा दिया था। ग्राम कलारतराई के किसान दुर्योधन साहू अपनी फसल को बचाने महानदी में झरिया खोदकर पानी निकाला और ट्रैक्टर में पंप लगाकर खेतों की सिंचाई की। इसके बाद भी फसल पूरी तरह से नहीं बच पाई।

---

## सोंढूर नहर नाली में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम सांकरा की सोंढूर नहर नाली में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। शव की पहचान फरसियां निवासी आत्माराम मरकाम पिता रामगुलाल मरकाम 50 वर्ष के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक सांकरा के कोड़मुड़पारा में रहकर मजदूरी का कामकर अपना जीवनयापन करता था। ग्रामीणों ने खेतों की ओर जाते समय शव को नहर नाली में देखा और तुरंत सरपंच को जानकारी दी। इसके बाद सरपंच ने उसके परिजनों को सूचित किया। सूचना पर सिहावा पुलिस मौके पर पहुंची और मौत के कारणों की जांच में जुट गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मौत की संभावना नहर में गिरने से बताई जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस की जांच के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

---

# सोरिद वार्ड में दिवाली उत्सव पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

यादव समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की
धमतरी। सोरिद वार्ड में दिवाली उत्सव पर खतरा मंडरा रहा है। जहां पर यादव समाज द्वारा उत्सव मनाया जाता है, वहां पर नगर निगम के ठेकेदार ने मटेरियल डंप कर दिया है। कई बार ठेकेदार को मटेरियल हटाने के लिए कहा गया, लेकिन मटेरियल नहीं हटाया गया। वहीं भारी वाहनों की आवाजाही से सहाड़ा देव स्थल खराब हो गया है। यादव समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मटेरियल हटाने के निर्देश देने की मांग की है।



नगर निगम धमतरी सीमा अंतर्गत सोरिद वार्ड में शीतला मंदिर के पास यादव समाज के लिए भूमि आरक्षित है जहां प्रतिवर्ष सोरिद एवं जोधापुर वार्डवासियों के सहयोग से दीपावली पर्व मनाया जाता है। वार्ड में एक वर्ष से नगर पालिक निगम धमतरी का नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। ठेकेदार द्वारा कार्यक्रम स्थल पर निर्माण कार्य का मटेरियल डंप कराया गया है। यही नहीं भारी वाहनों की आवाजाही से सहाड़ा देव स्थल खराब हो गया है। रंगमंच भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ठेकेदार की मनमानी से यादव समाज आक्रोशित है। संबंधित ठेकेदार और नगर निगम के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराकर कार्यक्रम स्थल और क्षतिग्रस्त रंगमंच को दुरुस्त करने की मांग सामाजिकजनों द्वारा कई बार की गई है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और झरिया यादव समाज अध्यक्ष धनेश यादव ने बताया कि अक्टूबर माह में दीपवाली पर्व मनाया जाएगा। 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा एव 23 अक्टूबर को भाईदूज (मातर उत्सव) का कार्यकम होगा। बदहाल कार्यक्रम स्थल में पारम्परिक पर्व मनाया जाना संभव नहीं है। उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया है कि त्योहार के पूर्व कार्यक्रम स्थल का समतलीकरण एवं जर्जर रंगमच का शीघ्र जीर्णोद्धार करने संबंधित विभाग को निर्देशित करें।

---

# शांत नहीं हो रहा रेत पर मचा बवाल

- मटेरियल सप्लायरों का आंदोलन जारी, रेत की किल्लत से भवन निर्माण बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेत परिवहन को लेकर मचा हुआ बवाल शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन परिवहन में ढिलाई नहीं दे रहा है। मटेरियल सप्लायर भी जिद पर अड़े हुए हैं। उधर रेत की किल्लत से शहर व आसपास के गांव में स्थिति खराब है। पीएम आवास सहित अन्य प्रकार के भवन निर्माण बंद हो गए हैं।

महानदी किनारे बसे होने के बाद भी धमतरीवासियों को रेत की किल्लत झेलनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि धमतरी में रेत की सप्लाई ट्रैक्टरों से होती है। इन ट्रैक्टरों को खदानों से वैध रूप से रेत लोड करने की कोई व्यवस्था नहीं है। सालों से मटेरियल सप्लायर खदान संचालकों को शुल्क देकर रेत निकाल रहे हैं। एनजीटी के नियम के अनुसार बारिश के मौसम में नदी से रेत निकालने पर प्रतिबंध रहता है, लेकिन अन्य कोई विकल्प नहीं होने की स्थिति में सभी ट्रैक्टर संचालक सीधे खदान से रेत निकाल रहे थे। जिला प्रशासन ने एनजीटी के नियमों का कड़ाई पालन सुनिश्चित करते हुए अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई शुरू कर दी थी। दर्जनों की संख्या में अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। इसके विरोध में ट्रैक्टर यूनियन संघ के बैनरतले ट्रैक्टर संचालकों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। पिछले करीब पांच दिन से रेत, गिट्टी, ईंट सहित अन्य भवन निर्माण सामग्रियों की सप्लाई बंद है, जिसके चलते भवन निर्माताओं की परेशानी बढ़ गई है। दिवाली पहले कई मरम्मत कार्य भी रूक गए हैं।



### चल रहा मीटिंग का दौर

काम बंद होने से ट्रैक्टर संचालकों की भी परेशानी बढ़ गई है। कई लोगों ने किस्त में ट्रैक्टर खरीदा है। काम बंद होने से उनकी आवक भी बंद हो गई है। ऐसे में किस्त पटाना मुश्किल हो रहा है। पूर्णतः काम बंद की घोषणा के बाद भी कई मटेरियल सप्लायर काम रहे हैं। यूनियन द्वारा मौके पर जाकर काम बंद करवाया जा रहा है। उधर यूनियन में हड़ताल को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। मटेरियल सप्लायरों ने बताया कि काम बंद रखने से उन्हें नुकसान हो रहा है, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई के बीच काम करने से उन्हें कोई खास लाभ भी नहीं हो रहा था। एक बार ट्रैक्टर पकड़ाने पर पूरे महीने की कमाई ट्रैक्टर को छुड़ाने में निकल जाती है।

---

नसंबदी के बाद रैबीज का टीका लगाया जायेगा

# नसबंदी के लिए हरियाणा की टीम श्वान पकड़ने में जुटी, 400 का होगा बधियाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में लावारिस हालत में घूम रहे कुत्तों की संख्या सीमित करने नगर निगम ने हरियाणा के नैन फाउंडेशन को टेंडर दिया है। यह टीम धमतरी पहुंचकर 400 कुत्तों की नसबंदी करने की तैयारी में जुट गई है।

निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि हरियाणा की टीम धमतरी पहुंच गई है। टीम के सदस्य शहर के चौक-चौराहों, गलियों, मैदानों में जाकर जाली के सहारे कुत्तों को पकड़ने में जुट गई है। टारगेट के अंदर कुत्तों को पकड़ने के बाद डाक्टरों की टीम नसबंदी करेगी। फिलहाल टेंडर के मुताबिक 400 कुत्तों की नसबंदी की जानी है।

जानकारी के मुताबिक मेल फीमेल दोनों नस्ल के कुत्तों की नसबंदी की जायेगी। आपरेशन के बाद 4 से 5 दिन उसे निगरानी में रखा जाएगा। इस दौरान भोजन, पानी, दवाई दी जाएगी। बता दें कि शहर के इतवारी बाजार परिसर, गोकुलपुर, जालमपुर, हटकेशर, लालबगीचा आदि क्षेत्र में स्ट्रीट डाग की अधिकता है। नागरिकों की मांग पर नगर निगम इस बार 400 कुत्तों की नसंबदी करवा रहा है।





इधर टीम द्वारा प्रतिदिन 2 दर्जन कुत्ता पकड़ने का लक्ष्य है। नसबंदी का काम एक माह में पूरा हो जाएगा। कुत्तों के कैप्चर होने के बाद बारी-बारी से नसबंदी की जाएगी। रैबीज का टीका लगाया जाएगा। नसबंदी के बाद निगरानी में रखने के बाद यथास्थान छोड़कर टीम वापस लौटेगी। नसबंदी की पहचान के लिए कान का कुछ अंश काट देंगे, ताकि टीम उसे दोबारा न पकड़े। नसबंदी सुभाषनगर स्थित सामुदायिक भवन में होगी, जहां कुत्तों को रखने के साथ उसके भोजन की व्यवस्था रहेगी।

विदित हो कि एनजीओ के मुताबिक शहर में कुत्तों की संख्या लगभग 10 हजार है। पिछले 15 साल से संख्या घटाने के लिए कोई प्रयास नहीं हुआ। इससे कुत्तों की संख्या बढ़ती गई। नागरिकों के लिए खतरा साबित होने पर नसबंदी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जो आगे निरंतर चलेगी।

---

# श्यामतराई बाइपास किनारे मृत मिला अधेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बुधवार की सुबह अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामतराई बाईपास के किनारे एक अज्ञात अधेड़ औंधे मुंह जमीन पर पड़ा दिखा। ग्रामीणों की सूचना पर अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची तब तक अधेड़ की मौत हो चुकी थी। वरदान एम्बुलेंस संस्था के शिवा प्रधान व डुमन साहू ने शव को जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी पहुंचाया। अज्ञात अधेड़ की फोटो सोशल मीडिया में डालने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने परिजनों को शव दिखाया। परिजनों ने वृद्ध की शिनाख्त गणेश जोशी पिता जयलाल उम्र 48 वर्ष साल्हेवार पारा निवासी के रूप में की। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

अर्जुनी पुलिस व परिजनों ने बताया कि मृतक शराब सेवन का आदी था। वह शारीरिक रूप से कमजोर भी था। वह पानी बाटल व पालीथिन बीनता था। तबीयत खराब होने पर अधेड़ को 28 सितंबर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 29 सितंबर को उसे छुट्टी दे दी गई। 29 सितंबर की रात्रि अधेड़ बिना बताए घर से निकल गया था जिसे 30 सितंबर की सुबह ग्रामीणों ने श्यामतराई के पास बैठे देखा था। अधेड़ की मौत को लेकर आशंका जताई गई है कि बुधवार की सुबह शौच के लिए उतरते समय गिर जाने से उसकी मौत हुई है।

### दो दिन पहले घर से निकला था



---

संयुक्त टीम की तैयारी पूरी, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

# पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकलेगी विसर्जन झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दुर्गा माता की झांकी एवं विसर्जन को लेकर जिला पुलिस ने तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस सहित संयुक्त टीम ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है।

मां दुर्गा की झांकी व विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने एसपी के निर्देशन में जिले के सभी अनुभाग में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी अनुभाग में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। राजपत्रित अधिकारी स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर निगरानी करेंगे। सादी वर्दी में पुलिसकर्मी भीड़ के बीच मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेंगे। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। पुलिस की असामाजिक व अराजक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। पुलिस की पहली प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा है जिसके लिए पुलिस द्वारा यातायात प्रबंधन के साथ-साथ प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल में जवानों की तैनाती व अन्य विभागीय सहयोग से सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। नगर निगम द्वारा विसर्जन स्थल की साफ-सफाई की गई है। सिचांई विभाग से जल स्तर व तकनीकी सहयोग, स्वास्थ्य विभाग से प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन सेवाएं रहेंगी। नगर सेना के गोताखोर की टीम सुरक्षा एवं आकस्मिक परिस्थितियों में बचाव कार्य करेगी। वहीं विसर्जन स्थल पर क्रेन की सुविधा रहेगी। झांकी मार्ग एवं विसर्जन स्थल पर यातायात बाधित न हो इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। मूर्तियों को ले जाते समय विद्युततारों व भीड़भाड़ का विशेष ध्यान रखने समितियों को कहा गया है।



### झांकी व विसर्जन के लिए रूट चार्ट जारी

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश में गुरूवार तक आयोजित दुर्गा विसर्जन झांकी के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है। इस दौरान झांकी मार्ग पर आवश्यक बैरिकेड्स, स्टापर एवं ड्यूटी पाइंट चिन्हांकित किए गए हैं। झांकी के दौरान यातायात व्यवस्था बनाते हुए घड़ी चौक से विंध्यवासिनी मंदिर तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश झांकी समाप्ति तक प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान नागरिकों से अपनी मंजिल तक पहुंचने सदर मार्ग से जुड़े सहायक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है। झांकी व विसर्जन के लिए यातायात व्यवस्था बनाने एएसपी मणिशंकर चन्द्रा व यातायात डीएसपी मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में रूट चार्ट जारी किया गया है।

### एसपी ने नागरिकों से सहयोग की अपील की

पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने कहा है कि दुर्गा विसर्जन का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का प्रतीक है। सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि इसे शांति और सौहार्द्र के साथ मनाएं। प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। पुलिस हर परिस्थिति पर नजर रखी हुई है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## अंवरी में दुर्गोत्सव


अंवरी। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पुराना बाजार चौक भैंसबोड़।


अंवरी। शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति नया बाजार चौक भैंसबोड़।


अंवरी। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति खंतीपारा भैंसबोड़।


अंवरी। न्यू दुर्गोत्सव समिति टिकरापारा भैंसबोड़।

### शीतला शक्ति पीठ में ज्योत जंवारा का विसर्जन

# शोभायात्रा में डांग, बाना के साथ देव विग्रह खूब झूमे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शीतला शक्ति पीठ सिहावा में शारदीय नवरात्रि पर ज्योत जंवारा का विसर्जन परम्परानुसार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महानवमी की प्रातः सरोवर स्नान के लिये शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शीतला तालाब में जंवारा विसर्जित किया गया। ऋषि पंचमी सेवा मण्डली गणेशघाट सिहावा द्वारा गाये जा रहे माता सेवा के साथ गढ़ के देवी देवता अपने पूरे स्वरूप में डांग, बाना लिये हुए विसर्जन शोभायात्रा में झूमते रहे। माता तालाब में विधि विधान से विसर्जन उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। नवमी पर माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। फिर माता को भोग लगाकर भण्डारा प्रारम्भ किया गया। भण्डारा गोल्डी चोपड़ा व परिवार बेलरगांव द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने शारदीय नवरात्रि पर्व पर मिले सहयोग के लिये आभार माना।

इस आयोजन में प्रमुख संचालक कलमसिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिसेन, सह सचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, तुकाराम साहू, पुजारी ज्ञान सागर पटेल, ख़रिभान शाण्डिल्य, नवल साहू, दिनेश पटेल, शशिकला शांडिल्य, देवन्तीन श्रीमाली, रीना बिसेन, प्रमिला साहू, नंदबाई पटेल, खेमिन यादव, गायत्री पटेल, गोमती निषाद, नोहर साहू, अभिलाषा शाण्डिल्य, बिन्दा मरकाम समेत अन्य लोगों का सहयोग रहा।





### एकादशी पर होगा सहस्त्रबाहु रावण का वध

सिहावागढ़ के छिपलीपारा में अनोखा दशहरा मनाया जाता है। यहां रावण का नहीं अपितु सहस्त्रबाहु रावण का वध होता है। मिट्टी का नग्न पुतला बनाया जाता है जिसे एकादशी के दिन मां शीतला के खड्ग से प्रमुख पुजारी द्वारा वध किया जाता है। यह सिहावा गढ़ की प्राचीन परम्परा है जहां महिलाओं का जाना वर्जित है।

# युवा कांग्रेस ने बिजली बिल जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस अभिषेक बंजारे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजली बिलों में हो रही लगातार वृद्धि के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएसपीडीसीएल ऑफिस नगरी का घेराव करते हुए कार्यकर्ताओं ने बढ़े हुए बिजली बिलों की प्रतियां जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रमोद कुंजाम ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से आम जनता महंगाई और लगातार बढ़ती बिजली दर से त्रस्त है। कांग्रेस सरकार की हाफ बिजली बिल योजना बंद कर दी गई है और प्रति यूनिट बिजली दर में कई बार बढ़ोतरी की गई है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। यदि जल्द ही बिजली दर में कमी नहीं की गई तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भूषण साहू, जिला उपाध्यक्ष भानेन्द्र सिंह ठाकुर, जोन अध्यक्ष नरेश पटेल, मिक्की गुप्ता, निशा यादव, बीरबल नागेश, सतीश साहू, खेमराज साहू, लकेश्वर साहू, फारूक खान, जीवन यादव सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# रिमझिम बारिश के बीच हुआ जोत जंवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

क्वांर नवरात्रि की नवमी पर ग्राम अंवरी में जोत जंवारा का विसर्जन रिमझिम बारिश के साथ हुआ। नौ दिनों तक मातारानी की आस्था व विश्वास के प्रतीक जोत जंवारा की विसर्जन यात्रा बाजे- गाजे के साथ स्थानीय बांधा तालाब के लिए निकली। पारंपरिक सेवा जसगीत की धुन पर माता भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे। जोत जंवारा विसर्जन के लिए बांधा तालाब पहुंचा। माता भक्तों की भीड़ महामाया मंदिर, शीतला मंदिर से बांधा तालाब तक बनी हुई थी। भक्तों ने नम आंखों से माता रानी की आस्था के प्रतीक जोत जंवारा को अंतिम विदाई दी।



# गणेश मंदिर में नौ कन्याओं को कराया भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत बरबांधा, भुरसीडोंगरी, आमगांव, घुरावड़, जैतपुरी, अमाली और सिंगपुर क्षेत्र वासियों की आस्था का प्रमुख केन्द्र माना जाता है। स्वयंभू सिद्धि विनायक गणेश मंदिर के साथ विश्वकर्मा मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर और शिव मंदिर ह । अष्टमी पर हवन हुआ और नौ कन्याओं को भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी व भोजन कराया गया। इस अवसर पर रामभुवन सार्वा भुरसीडोंगरी समिति के संरक्षक, श्री सोरी शिक्षक, श्री नेताम शिक्षक, सुरेन्द्र साहू संरक्षक, सुखचंद मरकाम संरक्षक, रमेश नेताम अध्यक्ष, भागबती सोरी संरक्षक, मयाराम नेताम, कैलाश राठौर पुजारी, परस नेताम, अर्जुनसिंह यादव, कमलेश यादव, कमलेश मरकाम, राधेलाल कोर्राम, शांता बाई साहू, गुलाब साहू, हरि मरकाम, राधेलाल निषाद, नारायण सिंह नेताम उपस्थित थे। रात्रि मनोरंजन के लिए शिव भक्ति जस झांकी कलारतराई की प्रस्तुति हुई।

# जीएसटी में सुधार देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करता है : कश्यप

- बिरगुड़ी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी सुधार पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारतीय जनता पार्टी मंडल बेलरगांव के तत्वावधान में बिरगुड़ी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी सुधार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल डागा थे। मण्डल अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी ने स्वागत भाषण दिया।

कमल डागा ने आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति और सशक्तिकरण का संकल्प है। अकबर कश्यप ने जीएसटी सुधारों की महत्ता और उनके दूरगामी लाभों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार न केवल व्यापार को सुगम बनाते हैं, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था को भी मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर जिपं सदस्य गरिमा नेताम, जनपद सभापति राजेशनाथ गोसाईं, महामंत्री द्वय मोनु साहू, दीपक साहू, विनय देवांगन, नरसिंह मरकाम, मंडल कोषाध्यक्ष उमेश साहू, लक्ष्मी ठाकरे, बीरेन्द्र मिश्रा, सोहन साहू, हृदय देवांगन, लोकेश साहू, रामसिंग मरकाम, चुम्मन साहू, कोमल पटेल, प्रफुल्ल ध्रुव, दमन लाल, सुरेश कुमार, केसर यादव, परमेश्वर साहू, संजय शांडिल्य, भुवनदास मानिकपुरी, टामेश्वर सोम, संतोष पाड़े, राधेश्याम नाग, आदित्य ताम्रकार, वतन जैन सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### सिवनीखुर्द में दशहरा महोत्सव 3 को

**धमतरी**। इस वर्ष भी 3 अक्टूबर को स्कूलपारा सिवनीखुर्द में दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा। रावण दहन के बाद ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए झन भूलो मां बाप ला नाच पार्टी मोखा (गुरूर) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अध्यक्ष जनक साहू, रोमनाथ, चेतन, सेवक, रोहित ने दी है।

### दावा-आपत्ति 10 तक

**धमतरी**। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर धमतरी के सुचारू संचालन के लिए पैरा लीगल, कार्मिक वकील, पैरा मेडिकल कार्मिक, कार्यालय सहायक एवं सुरक्षा गार्ड तथा नाईट गार्ड के कुल 6 पदों में सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए आवेदन मंगाए गए थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्र-अपात्र की सूची तैयार कर जिले की वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन पर अपलोड कर दी गई है। सूची में यदि किसी सेवा प्रदाता को आपत्ति हो तो वह 10 अक्टूबर तक जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

# आमदी स्कूल के खिलाड़ियों का सॉफ्ट टेनिस, बास्केटबॉल में उम्दा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 30 सितम्बर को रायपुर में हुई। आमदी विद्यालय के खिलाड़ियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए स्कूल और क्षेत्र का मान बढ़ाया। विद्यालय के 10 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सॉफ्ट टेनिस 14 वर्ष आयु वर्ग में चुम्मन पिता अनिल चक्रधारी, तन्मय पिता चेमनलाल, वासु पिता लवकुश, वेदांत पिता देवेंद्र साहू, दीपांशु पिता रेवालाल साहू ने शानदार खेल दिखाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सॉफ्ट टेनिस 19 वर्ष आयु वर्ग में संजीव पिता संतोष पटेल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। बास्केटबॉल 14 वर्ष आयु वर्ग में लक्ष्य पिता नेमीचंद, मोक्ष पिता राघवनंदन, चरण पिता उमेंद्र साहू, ललिता पिता सुखदेव ढीमर ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर प्राचार्य केके साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष ज्योति साहू, उपाध्यक्ष कोमल यादव, पूर्व अध्यक्ष हेमंत माला, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक रामचंद्र देवांगन, वार्ड पार्षद ललिता पटेल ,गीता साहू ने हर्ष व्यक्त किया। इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत और व्यायाम शिक्षक तामेश्वर प्रसाद साहू के मार्गदर्शन को जाता है।



# मां दुर्गा के नव स्वरूप की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

**नगरी**। ग्राम सांकरा के कोसरिया मरार पटेल सामाजिक भवन में क्वांर नवरात्रि पर ज्योति प्रज्वलित की गई थी। पं. उदेभानु दीवान द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर हवन किया गया। मां दुर्गा के नवस्वरूप कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोज कराया गया। मौके पर सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैया कौशल, पटेल समाज ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम पटेल, रामसाय पटेल, भागवत पटेल, युवराज पटेल, खेदुराम पटेल, नंदू पटेल, अश्वनी पटेल, पुनीत पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सांकरा क्षेत्र खिलावन पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, कोषाध्यक्ष बेदन पटेल, तीरथ पटेल, मनोज पटेल, रामाधार पटेल समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### छाती में अष्टमी पर हुआ हवन-पूजन



**पुरी**। ग्राम छाती के बाजार चौक में नवदुर्गा युवा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की गई है। हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन आकर दर्शन करते हैं। ग्राम छाती में कुल 5 जगह माता रानी की प्रतिमा स्थापित की गई है। लगभग 4 से 5 सेवा गीत सेवा मंडली भी निरंतर माता रानी की सेवा दे रही है। प्रतिवर्ष माता रानी के भक्तों में उत्साह निरंतर बढ़ता जर रहा है। अष्टमी पर हवन-पूजन हुआ। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

### माता रानी की भक्ति में डूबे रहे



**नगरी**। ग्राम कल्लेमेटा में मोर संगवारी भोथली द्वारा जगराता का आयोजन किया गया। भक्तिमय वातावरण के बीच देवी भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु देर रात तक भजन-संकीर्तन में लीन होकर माता रानी की भक्ति में डूबे रहे। श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मौके पर सरपंच रुपेंद्र ध्रुव, ग्राम पटेल सियाराम ध्रुव, चैनसिंह भंडावी, समिति के अध्यक्ष देव निर्मलकर, उपाध्यक्ष दयाराम कंवर, कोषाध्यक्ष धनेश, सचिव अशोक मरकाम, संरक्षक भोला शर्मा, सहसचिव सुरिल मरकाम, श्री निर्मलकर, उदेसिंह, रमेश मरकाम, अमरेश, पतिराम, परदेशी, नीलम उपस्थित रहे।

### छाती में 25 फीट के रावण का होगा दहन



**पुरी**। ग्राम छाती में पहली बार ग्रामीण सर्व समाज उत्सव समिति का गठन किया गया है। सभी समाज प्रमुखों को पदाधिकारी बनाया गया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा समिति सहित सर्व समाज आदिवासी समाज को दायित्व दिया गया है। गांव के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रावण वध मंचन की रिहर्सल की जा रही है। 25 फीट रावण के पुतले का दहन होगा। इससे गांव में उत्साह का माहौल है। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी।

### नगर पुरोहित ने पूजा कर सुपोषण रथ को किया रवाना



**नगरी**। राजा बाड़ा में नगर पुरोहित पंडित ठाकुरधर शर्मा ने पूजा अर्चन के साथ शासन द्वारा आयोजित सुपोषण रथ को रवाना किया। सुपोषण रथ कुपोषण को कम करने के लिए एक मोबाइल जागरूकता वैन है जो ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण करता है। सुपोषण पर केंद्रित फिल्में दिखाता है और पौष्टिक भोजन के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करता है । इसका मुख्य उद्देश्य समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है और बच्चों को कुपोषण से बाहर निकालना है। इस अवसर पर दुर्गा उत्सव के सदस्य राघवेन्द्र वर्मा, नरेश छेदैहा, उत्तम गौर, गैंदलाल पटेल, नोहर साहू, योगेश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माही साहू, यामिनी नाग, सुलोचना साहू, ललिता गौर, अनीता यादव, माहेश्वरी यादव ,सुशील गिरी, दमयंती साहू, खलेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### मितानिनों को बीपी मशीन दी



**नगरी**। कल्लेमेटा में मितानिनों को बीपी मशीन दी गई। मौके पर सरपंच रूपेंद्र मरकाम, सुरीत, तुलाराम, यशोद मांडवी, नविता मरकाम, पौनेश्वरी सोरी समेत अन्य उपस्थित थे।

### सेनचुवा के खेल मैदान में रोपे गए छायादार पौधे



**डांडेसरा(धमतरी)**। ग्राम पंचायत सेनचुवा में साप्ताहिक पौधरोपण का कार्यक्रम चल रहा है। टोकेश्वर नेताम ने बताया कि अभी नवरात्रि में खेल मैदान में नीम, जामुन, पीपल, नीलगिरी, बरगद जैसे छायादार पौधों का रोपण किया गया है। ग्रामीणों ने इन पौधों की देखरेख का संकल्प लिया है, साथ ही जन जागरूकता का अभियान निरंतर चलता रहेगा। आने वाले पीढ़ी भी इस अभियान को आगे बढ़ायेगी। पौधरोपण कार्य में सरपंच जितेंद्र साहू, रूपन साहू, सोमनाथ साहू, सोहन मंडावी, विक्रम साहू, प्रीतम यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शंकरदाह के खिलाड़ी ने 5000 मी. दौड़ में रजत पदक जीता



**धमतरी।** राज्यस्तरीय शालेय एथलेटिक्स स्पर्धा 21 से 24 सितंबर तक जगदलपुर में हुई जिसमें शाउमावि शंकरदाह के कक्षा 11वीं के छात्र देवेंद्र सिन्हा ने 5000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता। खेल शिक्षक प्रदीप सिन्हा ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स स्पर्धा में छात्र छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा। छात्र की इस उपलब्धि पर मोनिका ऋषभ देवांगन जिला पंचायत सदस्य, सत्यप्रभा किशोर साहू जनपद सदस्य, शोभा दुबे प्राचार्य, श्रीमती रमी गौतम सरपंच शंकरदाह, रामवती अश्वनी सिन्हा सरपंच डोंडकी, चुम्मन बाई कंवर सरपंच बलियारा, हेमंत साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, अमृत ध्रुव, भानु नेताम, सोमन देवांगन, रामकृष्ण ध्रुव, विनोद डिंडोलकर, गीतेश्वर साहू, शालेय स्टाफ टीवैद्य, एच अंधारे, एमशाह, के लूनिया, आरके राखेचा, व्ही तिवारी, एन साहू, पवन परिहा, शेव्या गोस्वामी, एस. ध्रुव, कंचनलता साहू, देवशरण वर्मा, तुषार पाण्डेय, बलदाऊ साहू ने हर्ष जताया है।

### पं. युवराज की आंवरी में भागवत कथा 4 से

**चारामा।** तहसील मुख्यालय चारामा से चार किमी दूरी पर ग्राम आंवरी में 4 से 10 अक्टूबर तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं नवसृजन आयोजक समिति आंवरी के सौजन्य से होने जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक भगवताचार्य युवराज पांडेय के श्री मुख से सुनने का अवसर मिलेगा। भागवत कथा के तैयारी में नवसृजन आयोजक समिति के संरक्षक राजेश जैन, अध्यक्ष भूषण सिन्हा, उपाध्यक्ष भुवन सिन्हा, सचिव बोधन साहू, कोषाध्यक्ष रिलेश यादव, सहसचिव चुम्मन पाल, सलाहकार लक्ष्मण विश्वकर्मा, डोमार साहू, मुकुंद यादव, सदस्य बिहारी निषाद, घनश्याम साहू, लोकेश साहू ,कन्हैया साहू, तिलेश्वर साहू, योगेश साहू, पवन यादव और टकेश्वर कुलदीप लगे हुए है।

### नेवारी में कबड्डी और वॉलीबॉल स्पर्धा 6 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सुखई के आश्रित ग्राम नेवारी में प्रस्तावित कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जो पहले 27 सितम्बर को रखा गया था, बेमौसम बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था। अब यह प्रतियोगिता नवयुवक मंडल नेवारी के तत्वाधान में पुनः आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का आयोजन 6 और 7 अक्टूबर 2025 को होगा।



Ajay Advt.

## छिपलीपारा में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही अनूठी परंपरा, उमड़ती है हजारों की भीड़, महिलाओं का प्रवेश वर्जित

# एकादशी पर माता शीतला के खड्ग से होगा सहस्त्रबाहु रावण का वध



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखण्ड के ग्राम छिपलीपारा में हर वर्ष आश्विन मास की एकादशी को एक अद्भुत और अनोखी परंपरा निभाई जाती है। इस दिन मिट्टी से बने सहस्त्रबाहु रावण का वध माता शीतला के खड्ग से किया जाता है। सैकड़ों वर्षों पुरानी इस परंपरा को देखने के लिए आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण जुटते हैं।

ग्रामीण मान्यता के अनुसार इस परंपरा की जड़ें त्रेतायुग से जुड़ी हुई हैं। कहा जाता है कि जब भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को पुनः प्राप्त किया, तब माता सीता ने श्रीराम से कहा कि अभी युद्ध पूर्ण नहीं हुआ है। रावण का पराजित भाई सहस्त्रबाहु शेष है, जिसे हराना आवश्यक है।

भगवान राम ने सहस्त्रबाहु को युद्ध के लिए ललकारा, किंतु ब्रह्मा से मिले वरदान के कारण वे उसका वध करने में असमर्थ रहे। इसी बीच सहस्त्रबाहु ने मर्यादा की सीमा लांघते हुए माता सीता को नग्न होकर ललकारा। उस समय माता सीता ने आदिशक्ति का स्वरूप धारण कर अपने खड्ग से सहस्त्रबाहु का वध किया और तत्पश्चात वे शांत होकर धरती में समा गईं।

इसी कथा को आधार मानकर छिपलीपारा में सहस्त्रबाहु रावण का नग्न मिट्टी का पुतला तैयार किया जाता है और शीतला मंदिर के पुजारी परंपरागत रूप से माता के खड्ग से उसका वध करते हैं। वध के उपरांत ग्रामीण इस पुतले की मिट्टी को विजय एवं शुभता का प्रतीक मानकर अपने घर ले जाते हैं।

सिहावा स्थित शीतला शक्ति पीठ समिति के अध्यक्ष का कहना है कि यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और इसे आस्था तथा शक्ति की विजय के प्रतीक के रूप में माना जाता है। इस दिन महिलाओं का मंदिर प्रांगण में प्रवेश पूरी तरह वर्जित होता है।

ग्रामीणों का विश्वास है कि इस अनोखी परंपरा के दर्शन मात्र से जीवन में बुराई का नाश होता है और सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

## रामलीला मैदान में दशहरा महोत्सव की तैयारी का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रामलीला मैदान में दशहरा महोत्सव की तैयारी चल रही है। लोक निर्माण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य विजय मोटवानी, नरेंद्र रोहरा एवं निलेश लुनिया ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि आयोजन में किसी भी प्रकार की कोई खामियां न हो। कहा कि यह पारंपरिक उत्सव हमारी विशिष्ट पहचान है। इसे संरक्षित करना हमारा नैतिक दायित्व है। गौरतलब है कि इस वर्ष 40 फीट रावण का निर्माण हो रहा है। नयनाभिराम आतिशबाजियों के साथ अछोटा की भूले बिसरे राम लीला मंडली की प्रस्तुति होगी। विजय मोटवानी ने कहा है कि शहर के गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

## कहार भोई समाज ने मंदिर परिसर में कराया कन्या भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कहार भोई समाज अध्यक्ष सोहन कश्यप के नेतृत्व में नवरात्रि की नवमीं तिथि पर कन्याओं को मंदिर परिसर में भोज कराया गया। मौके पर नीलम कश्यप, माधुरी कश्यप, जया भोई, अनुराधा नाग, संध्या कश्यप, मनोहर कश्यप, संध्या कश्यप, सरोजनी नाग, आदित्य कश्यप, गोल्डी कश्यप, मोहन कश्यप, राजू, पूजा सैनिक, सिद्धि सैनिक शामिल रहे।

### डांडेसरा में स्वस्थ मां दिवस मनाया गया

**डांडेसरा(धमतरी)।** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत उप स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम डांडेसरा में स्वस्थ मां दिवस मनाया गया। इस दौरान गांव के सभी 60 वर्ष से अधिक महिलाओं के बीपी, शुगर और कैंसर की जांच की गई। जांच के पश्चात दवाई दी गई।

## बंगाली समाज ने नवमीं पर किया हवन-पूजन

- आज होगी दशमी पूजा के साथ सिंदूर खेला की रस्म
- रूद्री घाट में बाजे-गाजे के साथ प्रतिमा का होगा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





सार्वजनिक बंगाली दुर्गा पूजा समिति धमतरी बंगाली एसो. द्वारा बुधवार को महानवमी पूजा, हवन, आहुति के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ। बता दें कि समाजजनों द्वारा इस वर्ष भी दुर्गा पूजा कार्यक्रम महाराणा प्रताप रिसोर्ट विवेकानंद कालोनी गली नंबर तीन धमतरी में रखा गया है। आयोजन का यह 29वां वर्ष है।

समाज के अध्यक्ष संजय भट्टाचार्य, सचिव दिनेश डे ने बताया कि पांच दिवसीय दुर्गा पूजा कार्यक्रम की शुरुआत 28 अक्टूबर से हुई है। 28 को अष्टमी, 29 को सप्तमी, 30 को महाअष्टमी, 1 अक्टूबर को महानवमी पूजा हुई। दशमी 2 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दिन देवी के पैर को आइना से देखने की परंपरा है। प्रतिमा अनावरण व विसर्जन के बाद माता को सिंदूर और मिठाई का भोग लगाया जाएगा। महिलाएं सिंदूर लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देंगी। इसे सिंदूर खेला कहते हैं। कार्यक्रम पश्चात प्रतिमा को बाजे-गाजे के साथ रूद्री घाट में विसर्जित किया जाएगा। भोग प्रसाद वितरण दोपहर 1 बजे होगा। 7.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

# भटगांव में निभाई गई डंगनी कूदन की रस्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ कई लोक परंपराओं व कई धार्मिक मान्यताओं के लिए जाना जाता है ।ऐसी ही एक मान्यता धमतरी जिले के भटगांव में सदियों से चली आ रही है। यहां क्वांर नवरात्रि में जंवारा विसर्जन के बाद डंगनी कूदन की एक धार्मिक रस्म निभाई जाती है। एक डंगनी यानी ध्वजा लेकर पुजारी कुएं की चार परिक्रमा करता है। परिक्रमा करने के बाद डंगनी लेकर कुएं में कूद जाता है। इसके बाद उसमें एक और डंगनी अंदर डाली जाती है और फिर डंगनी लेकर कूदने वाले व्यक्ति को दो अन्य डंगनी के सहारे बाहर निकाला जाता है। गांव के लोगों का कहना है कि यह परंपरा एक सदी से ज्यादा समय से चली आ रही है। जिस कुएं में डंगनी यानी वह ध्वज लेकर कूदा जाता है, वह कुआं भी गांव में कई सौ वर्षों से स्थापित है। इस धार्मिक परंपरा के निर्वहन को देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि इस परंपरा के निर्वहन से गांव में साल भर सुख समृद्धि बनी रहती है। सभी प्रकार की बीमारियों से ग्रामवासी सुरक्षित रहते हैं।

# आराध्य गरबा में नवरात्रि के आठ दिन प्रतिभागियों ने मचाया धमाल

- समापन समारोह में पहुंचे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पुरस्कार बांटे
- धमतरीवासियों के स्नेह व बड़ों के मार्गदर्शन से आयोजन को मिली सफलता : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





शहर के अमर टाकीज परिसर में आयोजित आराध्य गरबा में नवरात्रि के पूरे 8 दिन धमाल मचा। अष्टमी के दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक बतौर मुख्य अतिथि आये। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के निज सचिव सुमित उपाध्याय भी मौजूद रहे। अतिथियों ने गरबा के विजेताओं को पुरस्कार बांटे। मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने कहा कि पं राजेश शर्मा मेरे छोटे भाई हैं। उनके कारण ही धमतरी वालों से मेलजोल बढ़ा है। अंतिम दिन आराध्य गरबा में बेकाबू भीड़ उमड़ी।

27 सितंबर को कुरुद विधायक अजय चंद्राकर पहुंचे, पर मूसलाधार वर्षा की वजह से उस दिन गरबा देर से प्रारम्भ हुआ। 28 को पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, हर्षद मेहता और गुरुमुख सिंह होरा के साथ रायपुर के डॉक्टर तरुण मिश्रा पहुंचे। 29 सितंबर को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी और प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा अतिथि रहीं। सभी अतिथियों ने पं राजेश शर्मा द्वारा धमतरी में बीते 15 साल से किये जा रहे समाज सेवा के काम को सराहा।

ज्ञात हो कि यहां चार अलग अलग वर्गों में प्रतियोगिता रखी गई । हर दिन विजेताओं को इनाम दिया गया। फाइनल विजेता भी जजों द्वारा चुना गया। विजेता को शानदार इनाम भी आराध्य गरबा के आयोजकों द्वारा दिया गया। आराध्य गरबा के संरक्षक पं राजेश शर्मा ने कहा कि माता शक्ति की कृपा तो मिल ही रही है, पूरे 8 दिन तक हमारे बड़ों का मार्गदर्शन मिला और धमतरीवासियों से जो स्नेह मिला, उसी से ही गरबा को इतनी बड़ी सफलता मिली है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने ठोस कदम उठाने होंगे : अबिनाश

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। समिति के आय-व्यय का ब्यौरा प्राप्त कर उसकी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने समिति द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति और बजट के उपयोग पर संतोष व्यक्त किया तथा आगामी समय में स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति को निर्देशित किया कि बजट का सदुपयोग हो ताकि प्रत्येक वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। इस दौरान जिला चिकित्सालय धमतरी में संचालित कैन्टीन एवं जनरल स्टोर के रिनोवेशन कार्य, मुख्य भण्डार कक्ष सहित रिनोवेशन कार्य, नेत्र विभाग से वार्ड तक मरीजों की सुविधा हेतु शेड निर्माण, मुख्य द्वार से सड़क मार्ग तक यातायात व्यवस्था सुधारने अस्पताल भवन का रंग-रोगन करने के निर्देश दिए।

# दशहरा पर रामलीला मैदान में अछोटा की नाटक मंडली का होगा मंचन

- 5 पीढ़ियों से एक ही परिवार के लोग श्रीराम की भूमिका निभा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



दशहरा के अवसर पर गुरुवार की शाम 7 बजे रामलीला मैदान में रावण वध से पहले रामलीला का मंचन होगा। अछोटा की भूले बिसरे नाट्य मंडली के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। यह मंडली पिछले 24-25 वर्ष से राम लीला का मंचन करते आ रही है।

उल्लेखनीय है कि अछोटा की श्री भूले बिसरे नाट्य लीला मंडली लगभग 125 वर्ष पुरानी है। पूर्व में यह मंडली बाल समाज नाट्य लीला मंडली के नाम से थी। बाद में इसे भूले बिसरे नाट्य लीला मंडली का नाम दिया गया है। इस नाट्य लीला मंडली में पीयूष कुमार देवांगन अधिवक्ता पिछले 25 वर्षों से राम का किरदार निभाते आ रहे हैं। ग्राम अछोटा में 5 पीढ़ियों से इनके ही परिवार के लोग श्रीराम की भूमिका निभाते आ रहे हैं।

लक्ष्मण के रोल में गैंदलाल ढीमर, हनुमानजी के रोल में डोमन देवांगन, अंगद के रोल में गजानंद देवांगन, विभीषण धनंजय सेन, जामवंत श्रीकांत ध्रुव और नल-नील के रोल में इंद्रेश देवांगन और हेमाचल देवांगन होंगे।

इसी तरह रावण के रोल में टीकाराम देवांगन रेडिमेड कपड़ा व्यवसायी, मेघनाथ की भूमिका राजेश यादव, कुंभकर्ण के रोल में कुलदीप देवांगन, मालवंत के रोल में राहुल देवांगन, रावण के दूत के रोल में पुरुषोत्तम ध्रुव, सुजीत विश्वकर्मा, रिंकेश्वर देवांगन होंगे। इस मंडली के संचालक रामप्रताप साहू, मैनेजर डोमन देवांगन, अध्यक्ष पीयूष कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष रिंकेश्वर देवांगन हैं।

संगीत पक्ष से तबला वादक पुलेश सेन, हारमोनियम सुशील साहू, झुमका वादक खेमनारायण देवांगन, टेकराम लांगे, मुख्य गायक वीरेंद्र कुमार साहू, रामप्रताप साहू, रिंकेश्वर देवांगन हैं।







## पेंशनर एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए विधायक

- वृद्धजन सेवानिवृत्ति की मानसिकता से मुक्त होकर जियें : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित पेंशनर एसोसिएशन के कार्यक्रम में विधायक अजय चन्द्राकर ने सीनियर सिटीजन को जीवन जीने का सही तरीका समझाया। इससे पहले उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराकर उन्हें समाज की पूंजी निरुपित किया।

मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने राजधानी में भवन एवं पेंशन संबंधी मांगों को पूरा करने के लिए जरूरी प्रकिया अपनाने की बात कहते हुए पेंशनरों को समझाया कि खुद को रिटायर्ड समझना एक मानसिक अवस्था है। खान-पान, योग-ध्यान और फिजिकल एक्टिविटी को ठीक रखकर आप भीष्म पितामह जैसे जीवन बिता सकते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी आप अपने सेवा काल के अनुभव से समाज को गढ़ने का काम कर सकते हैं। उन्होंने बुजुर्गों को बैकडेटेट मानसिकता से मुक्त होकर आधुनिक संसाधनों के सहारे जिंदगी को आसान बनाने की सलाह दी।

पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री चन्द्राकर ने समाज में आ रहे बदलाव का हवाला देकर कहा कि अब न्यूक्लियर फैमिली का दौर है, उसके मुताबिक आप खुद को ढालिए। सेवानिवृत्त होने की मानसिकता से मुक्त हो समाज को आगे ले जाने के बारे में सोचिए। नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने इस मौके पर अपनी बात रखते हुए पेंशनर भवन की बाउंड्रीवाल बनवाने की मांग को पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर वेदनाथ चन्द्राकर, रामकृष्ण मिश्रा, दीनदयाल साहू, यशवंत दीवान, भैयालाल राधेलाल चन्द्राकर, एव्ही मारुति, सीएल विश्वकर्मा, मनहरण बैस, भगवानी शांडिल्य, जानसाय साहू, हिना कुरैशी, वीणा वर्मा आदि पेंशनर मौजूद थे।

